प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट 'दो'

[12/3/2018]

प्रश्न सं. [क्र. 1777]

" परिशिष्ट 1

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
NATIONAL HIGHWAYS AUTHORITY OF INDIA
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय)
(MINISTRY OF ROAD TRANSPORT AND HIGHWAYS)
क्षेत्रीय कार्यालय / REGIONAL OFFICE
ई-2/167, अरेरा कॉलोनी, हबीबगंज स्टेशन के पास, भोपाल (म.प्र.) 462 016
E-2/167, Arera Colony, Near Habibganj Station, Bhopal (M.P.)-462 016

दूरभाष/Phone : 0755-2426638
फैक्स/Fax : 0755-2426698
ईमेल/E-mail : robhopal@nhai.org

परिशिष्ट–1

संशोधित

भाराराप्रा / आर.ओ.–एम.पी. / 2018 / वि.स. / 30539

दिनांक 26.02.2018

प्रति

**कार्यालय मुख्य अभियंता (रा.रा.परि.)**
लोक निर्माण विभाग, निर्माण भवन,
द्वितीय तल, अरेरा हिल्स,
भोपाल (म.प्र.)

**विषयः इंदौर अहमदाबाद मार्ग पर फ्लाईओवर। (विधानसभा तारांकित प्रश्न क्र.–1777 द्वारा, माननीय श्री वेलसिंह भूरिया)।**

**संदर्भः**– आपका कार्यालयीन मेल 20.02.2018.

महोदय,

संदर्भित मेल दिनांक 20.02.2018 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से विषयांतर्गत विधानसभा प्रश्न क्र.–1777 इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त के संबंध में क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के अंतर्गत आने वाली परिइकाई–इंदौर से प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार विस्तृत विवरण निम्न प्रकार से है–

| क्र. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| (क) | क्या धार जिले के राजगढ़ कुक्षी रोड़ स्थित इंदौर–अहमदाबाद रोड़ फोरलेन एवं सरदारपुर–भोपावर मार्ग पर इंदौर अहमदाबाद फोरलेन क्रांसिग पर आये दिन दुर्घटनाये हो रही तथा इन दुर्घटनाओं में लगभग 100 से अधिक व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है? इन दुर्घटनाओं को रोकने के लिये शासन के पास क्या योजना है? | पुलिस थाना, राजगढ़ से प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त स्थल पर दिनांक 28.11.2017 एवं 04.02.2018 में हुई दुर्घटना में दो व्यक्तियों की मृत्यु हुई है *(प्रतिलिपि संलग्न)*। अतः इन दुर्घटनाओं को रोकने हेतु 4–लेन सड़क निर्माता कंपनी द्वारा रम्बल स्ट्रिप का निर्माण किया गया है एवं आवश्यक साईन बोर्ड भी लगाये गये हैं। |
| (ख) | फोरलेन पर क्रासिंग होने के बावजूद भी उस पर फ्लाई ओवर ब्रिज के निर्माण का प्रस्ताव प्राक्कलन में निर्माण एजेंसी द्वारा क्यों नहीं किया गया? इस गंभीर लापरवाही के लिये कौन जिम्मेदार है? क्या जिम्मेदार लोगों के खिलाफ शासन कोई वैधानिक कार्यवाही करेगा? करेगा तो कब तक? नहीं तो क्यों? | यह परियोजना बी.ओ.टी. पर आधारित है, जिसमें अनुबंधानुसार उक्त स्थल पर मेजर जंक्शन का निर्माण कार्य किया जाना प्रस्तावित है, जो निर्माणाधीन है, जिसके निर्माण उपरान्त दुर्घटनाओं में कमी आ जाएगी। |

महेन्द्र कुमार

(एम.के.जैन)
क्षेत्रीय अधिकारी

**संलग्नः** उपरोक्तानुसार।

परिशिष्ट "अ"

# कार्यालय पुलिस थाना राजगढ जिला धार (म.प्र.)

rajgarhpsdhar@gmail.com

क्रमांक/239/2018

प्रति,

दिनांक :– 24.02.2018

श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय,
लोक निर्माण विभाग (भ.व.प.) उप–संभाग,सरदारपुर

विषयः– विधानसभा तारांकित प्रश्न कमांक 1777 के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयांकित एंव संदर्भित पत्र के पालन मे निवेदन है कि कुक्षी नाका फोरलेन स्थित इन्दौर अहमदाबाद रोड कासिंग के दौरान दुर्घटना मे मृतकों की संख्या की जानकारी मार्च 2017 से आज दिनांक तक की प्रोफार्मनुसार वास्ते अवलोकनार्थ प्रेषित है–

| क | थाना | जिला | वर्ष | अपराध कमाक | धारा | नाम मृतक | आरोपी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजगढ | धार | 2017 | 245/17 दिनाक 28.11.2017 | 279,337,304(A) भादवि | हिरालाल पिता गोबाजी सिर्वी उम्र 40 साल नि0 कंजरोटा थाना सरदारपुर | ट्रक क्र.GJ 06 AX 9549 का चालक राजाराम पिता किशोर भीलाला उम्र 23 साल नि0 अवाल्दामान थाना गंधवानी |
| 2 | राजगढ | धार | 2018 | 56/18 दिनांक 04.02.2018 | 279,337,304(A) भादवि | दिताबाई पति गुमान भील उम्र 45 साल नि0 भीलखेडी थाना सरदारपुर | कार क्र MP 09 CF 0093 का चालक दिपक पिता कैलाश चन्द्र शर्मा उम्र 33 साल नि0 चन्दन नगर इन्दौर |

थाना प्रभारी
पुलिस थाना राजगढ़(म.प्र.)
जिला धार (म.प्र.)

"परिशिष्ट - 1"

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी
लो. नि. वि. उप संभाग, सरदारपुर

क्रमांक : 152 /तशा/ 2018 सरदारपुर दि- 24/2/18

प्रति,

कार्यपालन यंत्री,
लोक निर्माण विभाग (भ/प)
संभाग: धार

विषय:- विधानसभा तारांकित प्रश्न क्रमांक 1777 के संबंध में जानकारी प्रेषित करने बाबद।

———×———

उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि विधानसभा तारांकित प्रश्न क्रं. 1777 से संबंधित कुक्षी नाका फोरलेन स्थित इन्दौर अहमदाबाद रोड क्रासिंग के दौरान दुर्घटना में मृतकों की संख्या की जानकारी मार्च 2017 से आज दिनांक तक की थाना प्रभारी पुलिस थाना राजगढ़ से उनके पत्र क्रं. 239/2018 दि. 24/2/18 द्वारा प्रेषित संलग्न आपकी ओर अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है।

संलग्न:- उपरोक्तानुसार।

[signature] 24/2/18
अनुविभागीय अधिकारी
लोक निर्माण विभाग (भ. एवं प.)
उपसंभाग सरदारपुर